## खबर संक्षेप

### इंस्पायर अवार्ड मानक में हायर सेकंडरी के रविदास का चयन



**भाटापारा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी के 12वीं के छात्र रविदास मानिकपुरी का इंस्पायर अवार्ड मानक में चयन हुआ। छात्र ने रास्ते में मोड़ पर दुर्घटना से बचाव के लिए सेंसर लाइट बनाया है। छात्र को केंद्र सरकार द्वारा 10 हजार की राशि प्रदान की गई है। अब छात्र जिले में चयन के बाद जोन में अपने उपकरण का प्रदर्शन करेगा। छात्र रविदास के चयन पर स्कूल में उनके साथी छात्र- छात्राओं के अलावा शिक्षकों प्राचार्य एवं प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया। इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए देवरी स्कूल के छात्र छात्राओं का चयन लगातार हो रहा है, जिसमें प्रदेश स्तर पर छात्रों ने अपने बनाए हुए मॉडल का प्रदर्शन किया है।

### कौड़िया में पांच दिवसीय रामायण आज से

**पलारी।** ग्राम पंचायत कौड़िया में पांच दिवसीय अखंड रामचरित मानस का 27 मार्च से 1 अप्रैल तक रखा गया है। इसमें प्रत्येक मानस मंडली को 501 रुपए श्रद्धा सुमन राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक मानस मंडली में 4 सदस्य अनिवार्य है। रामनवमी के दिन रात्रि में प्रेमा मानस मंडली पैरागुड़ा का विशेष कार्यक्रम रखा गया है।

### सिसदेवरी में नवधा रामायण आज से

**पलारी।** ग्राम सिसदेवरी में नौ दिवसीय नवधा रामायण 27 मार्च से 5 अप्रैल तक रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित विष्णु धर दीवान एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। समारोह के प्रत्येक मानस मंडली को 401 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह जानकारी रामायण समारोह संचालक खेलन चंद्राकर द्वारा दिया गया।

### चिमनानी के निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री मांडविया

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का उदघाटन करने 4 घंटे के प्रवास पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय खेल एवं युवा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया का रायपुर एयरपोर्ट से सीधा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी के निवास पर आगमन हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने अमित चिमनानी के परिवार से आत्मीय मुलाकात की। नवरात्रि के पावन अवसर पर चिमनानी परिवार ने केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया का स्वागत माता की चुनरी से किया। साथ ही राम नवमी की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, अपेक्स बैंक के चेयरमैन केदार गुप्ता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, पूर्व विधायक तिवारी की उपस्थिति रही।

### दो दिवसीय संविधान मेला हुआ

**रायपुर।** भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा, भारत द्वारा आयोजित देश का 15वां दो दिवसीय संविधान मेला 20 एवं 21 मार्च को विमतारा, सभाभवन में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य आमजन में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उसके मूल्यों को समझाना तथा संवैधानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। मेले के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के भी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील भारद्वाज, शंकर कुंजाम, विनोद कुमार कोशले सदस्य संविधान प्रचारिणी सभा द्वारा किया गया।

## निधन

### सतीश अवस्थी

**भाटापारा।** मुंगेली नाका के पास निवासी सतीश अवस्थी 41 वर्ष का बुधवार निधन हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर में स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे दिनेश अवस्थी के पुत्र तथा शैलेंद्र अवस्थी के छोटे भाई थे।



## 497 ज्योति कलशों से जगमगाया माता समलाई का दरबार

**बिलाईगढ़।** आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम से नगर का समलाई माता दरबार इन दिनों आलोकित हो उठा है। समलाई माता मंदिर परिसर में 497 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जिनकी दिव्य रोशनी से पूरा दरबार जगमगा रहा है। मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह दृश्य अत्यंत मनमोहक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाला बन गया है।नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने अपनी-अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए ज्योति कलश स्थापित किए हैं। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं।



### मूरा में ज्योति-जंवारा की स्थापना

**बंगोली।** चैत्र नवरात्रि पर मूरा के पाल परिवार में ज्योति जंवारा की स्थापना की गई है। ज्योति जंवारा पंडा गुलाल पाल, गणेश पाल तथा महेश पाल, कुजराम मीना पाल, मन्नू आरती पाल एवं मिथलेश देवकी पाल परिवार द्वारा जस, पचरा, जंवारा सेवा गीत से महागौरी मां जगदंबे की पूजा की जा रही है।



**पर्व : श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना, प्रसाद का वितरण किया**

# अष्टमी के हवन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

चितावर धाम भालूकोना में नवरात्रि की अष्टमी पर हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू था। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुति दी गई। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और मनोकामना पूर्ति के लिए हवन में भाग लिया। महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। विशेष रूप से माता दुर्गा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के बैठने और पूजा करने की समुचित व्यवस्था की गई थी। हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी खास बन गया।



## महाअष्टमी पर मां महागौरी की पूजा हुई



**भैंसा।** चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दिन मां महागौरी की पूजा अर्चना की। साथ ही कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ बनी रही।

## महा अष्टमी पर मां दुर्गा की हुई पूजा-अर्चना



सेल। अंचल में चैत्र नवरात्रि पर्व के दुर्गा महाष्टमी में माता का जयकारे लगाते हुए भक्तों ने सुबह से शाम दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गांव के महिलाओं ने महामाया दाई के मंदिर में महाष्टमी पर विशेष रूप से पूजा अर्चना की। पूरे चैत्र नवरात्रि पर्व में धर्म कर्म माहौल बना हुआ हैं। भक्तिमय वातावरण है। आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ हैं। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा हुआ था। 27 मार्च को रामनवमी पर हवन पूजन कर ज्योत जंवारा विसर्जन किया जाएगा। भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए ज्योत प्रज्वलित किए हैं। रामनवमी पर्व के मौके पर माता का अंतिम दर्शन होगा। तालाब में जंवारा विसर्जन किया जाएगा। महा अष्टमी पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। महिलाओं ने थाली में आरती सजाकर चावल श्रीफल चढ़ाकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया और हल्दी का तिलक लगाकर माता से सुख समृद्धि का कामना की। माता का जयकारे लगाते हुए भक्तगणों ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया महाष्टमी पर्व पर पूजा अर्चना के मौके पर प्रसाद वितरित किया गया। नारियल लाई मोहन भोग का प्रसाद वितरित किए गए। शाम को जसगीत का आयोजन रखा गया था। चैत्र नवरात्रि पर विधि विधान से हवन पूजन रखा गया हैं। मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कार्यक्रम में आहुति डाली जाएगी।

### कुर्रा में ज्योति जवारा की स्थापना



**बलौदाबाजार।** ग्राम कुर्रा में रुपेश धीवर परिवार ने अपने निज निवास में चैत्र नवरात्रि ज्योति जवारा की स्थापना कर मां जगदंबे के सेवा गीत गाकर पूजा अर्चना किए।

## नौ कन्याओं की पूजा हुई



**खरोरा।** महा अष्टमी पर देवी मंदिरों में हुआ हवन पूजन देवी स्वरूप नौ कन्याओं की पूजा कर भोज कराया गया। नगर की आराध्य देवी सिद्धि मां महामाया, मां शीतला मंदिर, राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी सहित अन्य मां शारदा मंदिर मुरा मां दुर्गा मंदिर माठ, देवो मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। जहां वे माताओं के दर्शन एवं पूजन लाभ लेकर सुख, शांति तथा समृद्धि के लिए मंगल कामना की। दुर्गा मंदिर में महा अष्टमी पर मां दुर्गा मां विशेष पूजा के बाद शुभ मुहूर्त में हवन हुआ। पक्षात महाआरती के माध्यम से विश्वकल्याण के लिए मंगल कामना की गई।

## मां बमलेश्वरी मंदिर में उमड़ी आस्था की भीड़

**खरोरा।** ग्राम कठिया नं. 1 स्थित मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में अष्टमी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से लेकर शाम तक भक्त माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।

मंदिर में इस वर्ष 263 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। इसके अलावा महामाया देवी मंदिर में 37 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। गांव के विभिन्न स्थानों पर ज्योत जवारा भी स्थापित किया गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

नवरात्रि के दौरान गांव के अधिकांश घरों में तीन से नौ दिनों तक व्रत रखकर श्रद्धालु माता की आराधना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ का आयोजन हो रहा है, जिससे वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर है।





## आज जस गीत के साथ ज्योत जवारा का विसर्जन



**मुंडा।** चैत्र नवरात्रि पर गांव-गांव में भक्त अपनी-अपनी मनोकामना पूरी करने ज्योत जलाकर 9 दिन तक उपवास कर रहे हैं। इसी प्रकार मुंडा में लकेश्वर फेकर के यहां ज्योत जंवारा कार्यक्रम है, जिसमें गांव की सेवा समिति द्वारा लूकेश्वर फेकर के यहां शाम को माता दरबार में पहुंचकर मांदर झांझ जवारा जस गीत के साथ सेवा की जा रही है।

**झांकी पर की पुष्प वर्षा, आज होगा समापन**

# भागवत कथा में कृष्ण-सुदामा का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- आसपास के गांवों से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ग्राम माठ में भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आठवें दिन कृष्ण-सुदामा प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भा व वि भो र कर दिया। कथा के दौरान श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। कार्यक्रम का आयोजन दुलारी सुरेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत तिल्दा द्वारा अपने पोते के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कराया जा रहा है। कथावाचक पं.राजेश कृष्ण महाराज ने व्यासपीठ से कृष्ण लीला, जरासंध वध, सुदामा चरित्र, 24 गुरु कथा तथा परीक्षित मोक्ष कथा का विस्तार से वर्णन किया। सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता का आदर्श भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से सीखना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा श्री कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, जहां द्वारपालों ने उन्हें पहचान नहीं पाया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, वे नंगे पांव दौड़ते हुए द्वार तक पहुंचे और अपने मित्र को गले लगा लिया। इस भावुक प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने कृष्ण-सुदामा की झांकी पर पुष्प वर्षा कर भक्ति भाव प्रकट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह भागवत कथा 19 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक निर्धारित है।



